# 2025

## HINDI — HONOURS

**Paper : DSCC-6**

**(Hindi Kahani)**

**Full Marks : 75**

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

**(हिन्दी कहानी)**

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) "काका-मैंने अकेले लड़ाइयाँ लड़ी हैं हर बार मैं पिटा हूँ। हर बार हारा हूँ। अब अकेले नहीं, सबके साथ मिलकर देखूँगा कि सालों में कितना जोर है।"

(ख) "मैं चिरकुमार! अपनी एक प्रतिज्ञा का निर्वाह करने के लिए सैंकड़ों असत्य, अपराध करता फिर रहा हूँ। क्यों? तुम जानती हो? मैं स्त्रियों का घोर विद्रोही हूँ और पन्ना!... किन्तु उसका क्या अपराध! अत्याचारी बलवंतसिंह के कलेजे में बिछुआ मैं न उतार सका।"

(ग) "किसी चीज को न जानना यदि गलत है तो जान-बूझकर न भूल पाना, हमेशा जोंक की तरह उसमे चिपटे रहना – यह भी गलत है।"

(घ) "अगर तू मेरा सच्चा प्रेमी है, तो जा और दुनिया की सबसे अनमोल चीज लेकर मेरे दरबार में आ। तब मैं तुझे अपनी गुलामी में कबूल करुंगी।"

(ङ) "मगर तुम यह कैसे कह सकती हो कि जहाँ भी तुम जाकर रहोगी, वहां हर चीज वैसी हो होगी जैसी तुम चाहती है? मैं तो समझता हूँ कि इन्सान जहाँ भी चला जाए, अच्छी और बुरी दोनों तरह की चीजें उसे अपने आसपास मिलेगीं ही।"

2. किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) "टेपचू कभी मर नहीं सकता" पंक्ति का आशय बताते हुए कहानीकार का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'तीसरी कसम' कहानी में वर्णित प्रेम की संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'मिस पाल' कहानी में चित्रित स्त्री के अकेलेपन को उसके सामाजिक संदर्भों के साथ स्पष्ट कीजिए।

(घ) पाली कहानी में वर्णित विभाजन के दर्द को रेखांकित कीजिए।

(ङ) 'डिप्टी कलक्टरी' कहानी में चित्रित मध्यवर्गीय जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) 'दुनिया का अनमोल रतन' कहानी प्रेमचन्द के किस कहानी संग्रह से ली गई है?

(ख) "वह काशी का गुण्डा था" पंक्ति के रचनाकार का नाम बताइए।

(ग) 'उसने कहा था' कहानी के प्रमुख पुरुषपात्र का नाम बताइए।

(घ) 'परिन्दे' कहानी की स्त्री पात्र का नाम बताइए।

(ङ) 'तीसरी कसम' कहानी की नायिका किस नौटंकी कंपनी में काम करती है?

(च) 'पिता' कहानी के रचनाकार का नाम बताइए।

(छ) 'ब्लैक होल' कहानी के किसी एक पात्र का नाम बताइए।

(ज) 'मेरी मां कहां' कहानी के रचनाकार कौन है?

(झ) 'हार की जीत' कहानी में किसकी हार जीत में बदल जाती है?